उभा के ३ चरण झ में—झी झू झे झो को भी लेना।

अभिजित—यद्यपि अभिजित नक्षत्र में नाम करण का कोई विचार नहीं होता परन्तु किसी मत से अभिजित के ४ चरण बना कर उनके अक्षर जू जे जो बनाये हैं। उत्तराषाढ़ा चौथा चरण ९°-६'-४०'' के बाद श्रवण के पहिले चरण ९-१३-२० तक इस के भीतर के २ चरण का अर्थात् ६°-४०'-०'' का अभिजित नक्षत्र होता है। ६°-४०' के ४ चरण बनाये जांय तो १ चरण १°-४०' का पड़ता है। इतना बारीक कोई विचार नहीं करता।

नामकरण—यदि मुख्य समय में नामकरण किया जाय तो शुभ तिथि नक्षत्र चंद्रमा की शुद्धि आदि गुणों का विचार न करें। यह मुख्य काल व्यतीत हो जाय तो तिथि आदि की शुद्धि की आवश्यकता है। इसमें भी मुख्य काल में अमावस्या ग्रहण संक्रांति वैधृति व्यतीपात आ जाय तो उस दिन नामकरण न करें। इसमें मलमास शुक्र आदि दोषों का विचार नहीं करना। अपराह्न या रात्रि में नामकर्म नहीं करना। जिस नक्षत्र के जिस चरण में बालक का जन्म हो उस अक्षर पर से नाम रखना।

नामकरण मुहूर्त—चित्रा, अनु०, मृग०, रेव०, रोह०, अश्व०, ३ उत्तरा, हस्त, पुष्य, पुन०, श्रव०, धनि०, शत० नक्षत्र और रवि, चंद्र, बुध, गुरु, शुक्रवार में बालक का नाम रखना।

शिशु निष्क्रमण (घर से बाहर निकालना)—जन्म से चौथे मास में और यात्रा में कहे हुए तिथि वार नक्षत्र लग्न में पहिले पहिल बालक को घर से बाहर निकालना शुभ है या जन्म से १२ वें दिन यात्रा के समय में शुभ होता है। अनु०, ज्ये०, मूल, श्रव०, धनि०, रोह०, मृग०, पुन०, पुष्य, स्वा०, हस्त, उषा, ३ पूर्वा, उफा०, अश्व० नक्षत्रों में बालक का बाहर निकलना शुभ है। ५, ६, ७, ११ लग्न शुभ है। जन्म से तीसरे या चौथे महीना में यात्रा की तिथि २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ में और कृष्ण परिवा भी शुभ है। शनि मंगल वर्जित हैं। यात्रा के मुहूर्त में बारवां दिन या चौथा महीना शुभ है।

बालक को पहिले-पहिल भूमि में बैठाना—मंगल के बली रहते जन्म से पांचवें महीने में रिक्ता तिथि को छोड़ कर अन्य तिथियों में और तीनों उत्तरा, रो०, मृग०,

ज्ये०, अनु०, हस्त, अश्व०, पुष्य में पृथ्वी और बारह देवताओं की पूजा कर बालक को कमर में कटि सूत्र (करधना) बाँध कर भूमि में बैठाले-लिटावे।

बालक का प्रथम अन्नप्राशन—पुत्र का छठे महीने में सम मास में या ६, ८, १० वें आदि मास में कन्या का पाँचवें महीने में विषम मास ५, ७, ९ वें आदि मास में अन्नप्राशन (पहिले-पहिल अन्न खिलाना) शुभ होता है। तीनों उत्तरा, रो०, मृग, रेव०, चित्रा, अनु०, हस्त०, अश्व०, पुष्य, अभिजित, स्वा०, पुन०, श्रव०, धनि०, शत०, इन नक्षत्रों में शुभ है। रिक्ता, नंदा, अष्टमी, द्वादशी तिथि और रवि, मंगल शनिवार व जन्म लग्न से अष्टम लग्न व १२-१-८ लग्न वर्जित है। त्रिकोण केन्द्र सहज स्थानों में शुभ ग्रह हो। दशम शुद्ध (ग्रह रहित) हों। ३, ६, ११ स्थान में पाप ग्रह हो। और १, ६, ८, स्थानों में चन्द्रमा न हो तो शुभ है। शुक्ल पक्ष में दोपहर के पूर्व शुभ होता है।

किसी आचार्य ने अनुराधा व शतभिष नक्षत्र और जन्म नक्षत्र में अन्नप्राशन अशुभ कहा है। कोई स्वाती को भी अशुभ कहते हैं।

स्थान वश ग्रह फल—जिस लग्न में अन्नप्राशन इष्ट हो उससे ९, ५, १४, ७, १२, ८ स्थानों में यदि क्षीण चंद्र हो—बालक भिक्षुक होता है। पूर्ण चंद्र—अन्न करने वाला। गुरु—दीर्घायु। बुध—ज्ञानी। मंगल—पित्त रोगी। सूर्य—कोढ़ी। शनि राहु केतु—विना अन्न के क्लेश होता है। उस क्लेश से युक्त व वातव्याधि संयुक्त। शुक्र—रोगी हो।

बालक का प्रथम बार मुंह देखना—जन्म से तीसरे मास अश्व०, पुन०, पुष्य, मृग०, अनु०, हस्त, श्रव०, धनि०, नक्षत्र में ४, ९ १४, ६, ७, १२, ३० तिथि को छोड़ कर शुभ दिन सोम०, बु०, गु०, शुक्रवार को।

बालक को ताम्बूल भक्षण—तीनों उत्तरा, रोह० मृग, वि०, चित्रा, अनु०, हस्त, अश्व०, पुष्य, श्रव०, मूल, पुन०, ज्ये०, स्वा०, धनि०, में जन्म से २॥ महीने पर या अन्नप्राशन मुहूर्त में बालक को पहिले-पहिल पान खवाना शुभ है। मंगल व शनिवार को छोड़ कर अन्य दिनों में ३, ६, ११, २, १०, १२ लग्नों में केन्द्र कोण में शुभ ग्रह ३, ६, ११ में पाप ग्रह हो ऐसे मुहूर्त में शुभ है।

बालक की जीविका परीक्षा—जिस मुहूर्त में भूमि में बैठाना कहा है उसी समय बालक के आगे पुस्तक, कलम, हथियार, कपड़ा सुवर्ण चाँदी आदि वस्तुओं को रखे। बालक जिस वस्तु को पहिले उठावे उसी वस्तु के द्वारा उस की जीविका जानो।

बालक के दाँत उगने का फल—जन्म से लेकर पहिले मास में ही दाँत जमे—बालक मरे। दूसरे में—अपने छोटे भाई को मारता है। तीसरे में—बहिन को मारे। चौथे में—माता को। पाँचवें—जेठे भाई को। छठे—उत्तम भोग। ७—पिता का सुख। ८—देह पुष्ट। ९—लक्ष्मी। १०—सौख्य। ११—अति सौख्य। १२—धन सम्पत्ति प्राप्त। गर्भ में

ही जमे हुए दाँत उत्पन्न हो या ऊपर की पंक्ति में पहिले दाँत जमे तो वह बालक अपने माता पिता भाई आदि को मारने वाला होता है।

कर्ण बेध—जन्म से १२ या १६ वें दिन में या तीसरे या पाँचवें वर्ष में करना युग्म वर्ष (जन्म से २-४-६ वर्ष) वर्जित है। विषम वर्ष (१, ३, ५ आदि) श्रेष्ठ हैं। या जन्म से ६, ७, ८ वें मास भी शुभ हैं। श्रव०, धनि०, पुन०, मृग०, रेव०, चित्रा, अनु०, हस्त, अश्व०, पुष्य, नक्षत्र सोम बुध गुरु शुक्रवार में कान छेदना शुभ है। चैत्र, पौष, अवम तिथि (हानि तिथि) हरि शयन, जन्म मास, रिक्ता तिथि, जन्म तारा ये सब वर्जित हैं। लग्न से अष्टम में कोई ग्रह न हों केन्द्र त्रिकोण में शुभ ग्रह ३, ६, ११ में पाप ग्रह हो २, ७, ९; १२, लग्न हो। लग्न में गुरु हो तब कान छिदाना शुभ है।

चूड़ा कर्म (मुंडन)—जन्म से २ वर्ष के बाद ३, ५, ७ आदि विषम वर्ष में यदि माता का ५ महीने से अधिक का गर्भ है तो बालक का मुंडन शुभ नहीं होता। यदि बालक ५ वर्ष से अधिक दिनों का हो गया हो तो माता के गर्भवती रहने पर भी मुंडन शुभ है। जब माता रजस्वला हो या माता के लड़की हुई महीने से कम हो और अन्य लड़का हुए २४ दिन से कम हुए हों तो लड़के का मुंडन आदि संस्कार न करें। जेठे लड़के या लड़की का जेठ मास में मुंडन नहीं करना। अन्य मत है कि अगहन में भी जेठे लड़के लड़की का मुंडन नहीं करना।

अनु० को छोड़ कर ज्येष्ट सहित मृदु चर लघु नक्षत्रों में चैत्र को छोड़ कर उत्तरायण में सोम बुध गुरु शुक्रवार को शुभ है ८, १२, ४, ९, १४, १, ६, ३०, १५ तिथि संक्रांति को छोड़ कर अन्य तिथियों में शुभ है। बालक के जन्म लग्न व जन्म राशि से आठवें स्थान में शुक्र को छोड़ कर अन्य ग्रह न हों ३, ६, ११ स्थान में पाप ग्रह हों तब मुंडन करना शुभ है। मुंडन के समय यदि दुष्ट तारा भी हो अर्थात् १, ३, ५, ७ वां हो और चन्द्रमा नवां पंचम या उच्च का हो या बुध गुरु शुक्र इन ग्रहों के षड़वर्ग में या अपने ही षड़वर्ग में हो या मित्र ग्रह के षड़वर्ग में हो तो दुष्ट तारा शुभ हो जाता है। चन्द्रमा गोचर से शुभ अर्थात् जन्म राशि से ४, ६, ८, १२ स्थान को छोड़ कर अन्य स्थानों में हो तो दुष्ट तारा भी शुभ हो जाता है केन्द्र में शुभ ग्रह हो तो दुष्ट तारा भी शुभ है।

यदि क्षीण चन्द्र हो और सोमवार को मुंडन हो—बालक की मृत्यु। मंगल—हथियार से मृत्यु। शनिवार—पंगु। रविवार—ज्वर हो।

अक्षर आरम्भ पाटी पूजन या विद्या आरम्भ—जन्म से पाँचवें वर्ष में गणेश जी सरस्वती विष्णु और लक्ष्मी का पूजन कर उत्तरायण में शुभ दिन को मृग०, आर्द्रा, पुन०, हस्त, चित्रा, स्वा०, श्रव०, धनि०, शत०, अश्व० मूल तीनों पूर्वा, पुष्य, श्लें०, नक्षत्र में २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ तिथि में १, ४, ७, १० चर लग्न को छोड़ कर शुभ लग्न में त्रिकोण केन्द्र में शुभ ग्रह हो तब बालक को पहिले-पहिल अक्षर

लिखना या विद्या आरम्भ करना शुभ है। अन्य मत से ध्रुव एवं रेव०, अनु० नक्षत्र भी शुभ है।

विद्या आरम्भ दिन फल—गुरु, शुक्र, बुधवार में आरम्भ—शीघ्र उत्तम विद्या प्राप्त हो चिरंजीवी हो। रविवार—मध्यम। सोमवार—जड़ बुद्धि। मंगल, शनिवार—मृत्यु या कष्ट।

व्याकरण आरंभ—रोह०, हस्त, चित्रा, स्वा०, विशा०, अनु०, पुन०, मृग०, अश्व०, पुष्य नक्षत्र में गुरु, शुक्र, बुधवार में व्याकरण पढ़ाना शुभ है।

गणित आरंभ—शत०, पूभा०, अनु०, आर्द्रा, रोह०, रेव०, हस्त०, पुष्य, नक्षत्र में गुरुवार, बुधवार को गणित आरंभ शुभ है।

न्याय शास्त्र आरंभ—तीनों उत्तरा, रोह०, पुष्य०, पुन०, श्रव०, हस्त०, अश्व०, शत०, स्वा० नक्षत्र में न्याय शास्त्र आदि पढ़ना शुभ है।

धर्म शास्त्र पुराण आदि—हस्त०, चित्रा, स्वा०, विशा०, अनु०, पुष्य, रेव०, अश्व०, मृग०, धनि०, शत०, में धर्मशास्त्र पुराण आदि आरंभ शुभ है।

वैद्य विद्या या गारुड़ी विद्या—हस्त०, चित्रा, स्वा०, अनु०, पुन०, श्रव०, धनि०, शत०, मूल०, रेव०, अश्व०, पुष्य, ज्ये०, श्ले० आर्द्रा, मृग में वैद्य विद्या आरंभ शुभ है सोमवार, मंगल, इतवार दिन शुभ है। ज्येष्ठा को छोड़कर शेष नक्षत्रों में गारुड़ी या सर्प विद्या शुभ है।

जैन विद्या—श्रव०, धनि०, शत०, मघा, पूर्वा०, अनु०, रेव०, अश्व०, भर०, पुन०, स्वा० ये नक्षत्र और रविवार, शुक्रवार दिन जैन विद्या पढ़ना शुभ है।

फारसी विद्या—ज्ये०, श्ले०, तीनों पूर्वा, रेव०, भर०, कृति०, विशा०, आर्द्रा, उषा०, शत० ये नक्षत्र व रविवार, मंगल, शनिवार में फारसी या अरबी विद्या पढ़ना शुभ है।

लेखन आरंभ—शुभ तिथि, शुभ वार में रेव०, अश्व०, श्रव०, अनु०, आर्द्रा, पुन०, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा० नक्षत्र में लिखना आरंभ शुभ है।

लिंग या अंडकोष छेदन—मुसलमानी मत से बच्चे का खतना होता है इसके लिये फारसी तीसरी या आठवीं, तेरहीं, अठारवीं और तेइसवीं या अट्ठाइसवीं तारीख निषिद्ध है।

इतवार, मंगल व गुरुवार को रेव०, पुष्य, हस्त, स्वा०, मृग०, श्रव०, धनि०, नक्षत्र में शुभ है।

केशान्त संस्कार—जन्म से १६वें वर्ष में मुंडन में कटे हुए मुहूर्त में ब्रह्मचर्य व्रत करते समय या व्रतबंध के उपरांत पहली हजामत या रखे हुए बालों को बनवाने को केशान्त संस्कार कहते हैं यह ब्राह्मणों में ही करना चाहिए। क्षत्रियों का २२ वर्ष में वैश्यों का २४ वर्ष में केशान्त कर्म कहा है।

समावर्तन—अब ब्रह्मचारी गुरु के आश्रम से विधि के अनुकूल वेद आदि शास्त्रों को पढ़कर गृहस्थ आश्रम को ग्रहण करने के लिये गुरु आश्रम को त्यागकर घर को जाता है। समावर्तन करने के बाद स्नातक कहा जाता है। जो दिन आदि व्रतबंध में कहे हैं उन्हीं में समावर्तन शुभ है।

यज्ञोपवीत उपनयन या व्रतबंध—यज्ञोपवीत जन्म से ५ या ८ वर्ष में ब्राह्मणों का, ६ या ११ वर्ष में क्षत्रियों का, ८–१२ वर्ष में वैश्य का यज्ञोपवीत श्रेष्ठ है। इससे दुगने काल में अर्थात् १६ वर्ष में ब्राह्मण, २२ वर्ष में क्षत्रिय, २४ वर्ष में वैश्य का मध्यम कहा है। इसके बाद यह संस्कार नहीं करना।

यद्यपि संस्कार के महीने नहीं कहे हैं परन्तु किसी ग्रन्थकार ने वसंत में ब्राह्मण, ग्रीष्म में क्षत्रिय, शरद में वैश्यों का श्रेष्ठ कहा है।

शुभ समय—हस्त, अश्व०, पुष्य, तीनों उत्तरा, रोह०, श्ले०, स्वा०, पुन०, श्रव०, धनि०, शत०, मूल०, मृग०, रेव०, चित्रा, अनु०, तीनों पूर्वा, आर्द्रा इन नक्षत्रों में रवि, सोम, बुध, गुरु, शुक्रवार में २, ३, ५, १०, ११, १२ तिथियों में शुक्ल पक्ष में पंचमी तक, कृष्ण पक्ष में भी दोपहर के पूर्व यज्ञोपवीत शुभ है लग्न से ६, ८, १२ स्थानों को छोड़कर अन्य स्थानों में शुभ ग्रह हों। ३, ६, ११ में पाप ग्रह हों तो शुभ है। वृष कर्क राशि में पूर्ण चंद्र यदि लग्न में हो तो और भी शुभ है।

वर्णेश—ईश ब्राह्मणों का—गुरु शुक्र। क्षत्रिय—सूर्य मंगल। वैश्य—चंद्र। शूद्र—बुध। अंत्यज (वर्ण संकर चांडाल आदि) का—शनि ईश है।

शाखेश—ऋग्वेद का—गुरु शाखेश। यजुर्वेद—शुक्र। सामवेद—मंगल। अथर्वण वेद—बुध।

प्रयोजन—यदि शाखेश का दिन हो और शाखेश की ही लग्न हो और शाखेश बली हो तो यज्ञोपवीत अति शुभ है। अथवा शाखेश व वर्णेश व सूर्य चंद्र गुरु ये बली हों तो भी यज्ञोपवीत शुभ है। यदि गुरु व शुक्र शत्रुग्रही हों या युद्ध में पराजित हों या नीच के हों तो ऐसे समय में यज्ञोपवीत करने से बालक वेद व शास्त्र व इनमें कही हुई क्रिया इन सबसे रहित होता है।

जन्म नक्षत्र आदि का अपवाद—जन्म नक्षत्र, जन्म मास, जन्म लग्न, जन्म तिथि इनमें ब्राह्मणों के पहले लड़के का, वैश्यों में पहले को छोड़कर अन्य लड़के का यज्ञोपवीत होता है तो वह अधिक विद्या वाला होता है।

गुरु सूर्य चंद्र की शुद्धि—जब गुरु, सूर्य और चंद्र अष्टक वर्ग में शुद्ध हो तब व्रतबंध या विवाह करना चाहिये। तारा का बल भी देखना चाहिये।

		शुद्ध	पूज्य	वर्जित
गुरु सूर्य	गुरु	२-५-७-९-११	१-३-६-१०	४-८-१२ गोचर से इन स्थानों
शुद्धि	सूर्य	३-६-१०-११	१,२,५,७,९	४-८-१२ को विचारना

शुभ गुरु—वटु के जन्म राशि से त्रिकोण, लाभ, द्वितीय या सप्तम स्थान का गुरु श्रेष्ठ है १, ३, ६, १० स्थानों का गुरु पूजा करने से शुभ हो जाता है शेष स्थानों में निंदित है।

गुरु अपने उच्च का या स्वराशि का, मित्र गृही, स्वनवांश या वर्गोत्तम का हो तो ४-८-१२ स्थानों में भी शुभ है। परन्तु नीच का या शत्रु गृही हो तो शुभ स्थानों में भी अशुभ है। यदि अतिकाल हो गया हो तो द्विगुण पूजा करने से ४-८-१२ स्थान में शुभ हो जाता है इससे यथाशक्ति पूजा करके व्रतबंध करना।

वर्जित—पंचमी के बाद कृष्ण पक्ष में और जिस दिन सायंकाल में प्रदोष हो, अनध्याय में, शनिवार में, रात्रि में, दोपहर के बाद, जिस दिन मेघ गर्जे और गलग्रह तिथि में यज्ञोपवीत शुभ नहीं।

गलग्रह तिथि—४, ७, ८, ९, १३, १४, १५, १, ३० गलग्रह संज्ञक तिथि हैं।

अनध्याय तिथि—आषाढ़ शुक्ल १०, ज्येष्ठ शुक्ल ५, पौष शुक्ल १३, माघ शुक्ल १२, चतुर्थी, पौर्णमासी, अमावस्या, परिवा, अष्टमी व सूर्य संक्रांति ये सब अनध्याय संज्ञक है इनमें व्रतबंध नहीं करना।

प्रदोष—द्वादशी तिथि में आधी रात्रि के पूर्व ही यदि त्रयोदशी का योग हो त प्रदोष है। यदि षष्टी तिथि में १॥ प्रहर रात बीतने के पूर्व ही सप्तमी का योग हो तो वह प्रदोष है और जिस तिथि के प्रहर भर रात बीतने के पूर्व ही चौथ का योग हो तो वह प्रदोष है। व्रतबंध में वर्जित है। वेदों के भेद से यज्ञोपवीत के नक्षत्र जिनमें यज्ञोपवीत शुभ है—

ऋग्वेद—मृग०, आर्द्रा, श्ले०, हस्त, चित्रा, स्वाती, मूल, तीनों पूर्वा।

यजुर्वेद—रेव०, हस्त०, अनु०, मृग०, पुन०, पुष्य, रोह०, तीनों उत्तरा।

सामवेद—अश्व०, धनि०, पुष्य, हस्त, तीनों उत्तरा, आर्द्रा, श्रवण।

अथर्वण वेद—मृग०, रेव०, पुष्य, अश्व०, हस्त, अनु०, धनि०, पुन०।

ब्रह्मोदन कर्म दक्षिण देश का—विधि पूर्वक यज्ञोपवीत होने के पश्चात् और सायंकाल में होने वाले ब्रह्मोदन कर्म के पूर्व इस मध्य में यदि अकस्मात कोई उत्पात विशेष का अनध्याय हो तो वह लड़के के पढ़ने में विघ्न कारक होता है इसलिए उसकी शान्ति तक ब्रह्मोदन कर्म होता है और यज्ञोपवीत के पहले अकस्मात उत्पात हो तो यज्ञोपवीत नहीं होता।

केन्द्र में शुभ ग्रह फल—यज्ञोपवीत काल में केन्द्र में सूर्य हो—राजा का सेवक। चंद्र—बनिया या रोजगार करने वाला। मंगल—हथियारों से जीविका करने वाला। बुध—पढ़ाने वाला। गुरु—पंडित। शुक्र—धनवान। शनि—म्लेच्छों का सेवक होता है।

संयुक्त ग्रह फल—गुरु, शुक्र, चंद्र इनमें से कोई सूर्य युक्त हो—बालक निर्गुणी। मंगल से—निर्दय। शनि से युक्त—निर्लज्ज हो।

चंद्र वश से शुभाशुभ—शुक्र के नवांश में चंद्र हो और लग्न से त्रिकोण में शुक्र हो लग्न में गुरु हो तो बालक चारों वेदों का ज्ञाता हो यदि शनि के नवांश में चं द्रोह

और लग्न में गुरु हो, लग्न से त्रिकोण में शुक्र हो तो बालक निर्लज्ज व निर्दयी होता है।

ग्रह नवांश से यज्ञोपवीत फल—यज्ञोपवीत के लग्न में सूर्य के नवांश का उदय हो तो वह बालक क्रूर निर्दय होता है। चंद्र नवांश से—जड़ (विचार रहित)। मंगल नवांश—पापी। बुध नवांश—पटु चतुर। गुरु नवांश—यज्ञ करने कराने, दान लेना देना, पढ़ना पढ़ाना ये ६ कर्म करने वाला, यज्ञ करने वाला धनी होता है। शनि नवांश—मूर्ख। इस कारण लग्न में शुभ ग्रहों के नवांश रहते यज्ञोपवीत करना उत्तम है।

चंद्र नवांश का विशेष फल—यज्ञोपवीत काल में यदि चंद्र शुभ राशि का हो—सदा विद्या में रुचि रखने वाला। पाप ग्रह के नवांश में—अति दरिद्री। स्वनवांश में दुःख युक्त। यदि यज्ञोपवीत काल में चंद्र स्वनवांश में हो और श्रवण या धनिष्ठा नक्षत्र हो तो वह व्रती बालक धनवान हो।

रजस्वला होने पर शांति—यदि नांदी श्राद्ध करने के उपरांत माता रजस्वला हो जावे तो लड़के का मुंडन, यज्ञोपवीत या विवाह विचारे हुए मुहूर्त को छोड़कर उसी मुहूर्त के समीप हो दूसरे मुहूर्त में करना चाहिये। यदि दैवयोग से पहले विचारे हुए मुहूर्त के समीप में कोई शुभ मुहूर्त न मिले तो शास्त्र में कही हुई विधि से लक्ष्मी पूजा कर इसकी शांति करा लेनी चाहिये।

योग वर्जित—कर्णवेध, व्रतबंध, पुंसवन या विवाह में ये ९ योग वर्जित हैं। व्याघात, परिघ, वज्र, व्यतीपात, वैधृति, गंड, अतिगंड, शूल, विष्कंभ।

वेध वर्जित—अन्नप्राशन तथा चूड़ाकर्म में विद्ध नक्षत्र छोड़ देना विवाह को छोड़ कर अन्य सब शुभ कर्मों में सप्त सलाका चक्र से वेध का विचार करना।

चैत्र में शुभ—अष्टम वर्ष के प्रवेश होने पर जिस वटु का गोचर आदि शुद्ध न हो उसका व्रतबंध चैत्र के महीने में जब मीन का सूर्य हो शुभ हो जाता है। गुरु व शुक्र अस्त हो जाय, चंद्र सूर्य बलहीन क्यों न हो तदापि चैत्र में मीन के सूर्य में व्रतबंध करना। गोचर तथा अष्टक वर्ग के अनुसार गुरु की शुद्धि भी न मिले तो चैत्र में मीन के सूर्य में व्रतबंध करना चाहिये।

दुबारा संस्कार—यदि शुभ वर्ष हो चंद्र नक्षत्र अनुकूल हो तब भी पुनर्वसु के दिन जिसका व्रतबंध किया जाये उसका फिर संस्कार करना चाहिये गुरु शुक्र के अस्त में पुनर्वसु नक्षत्र में गलग्रह में अनध्याय में व्रतबंध हो जाय तो फिर संस्कार करना चाहिये इसी प्रकार, यदि रात्रि में, प्रदोष में शनिवार को कृष्ण पक्ष में व्रतबंध हो जाय तो फिर करना पड़ता है परन्तु पूर्वोक्त दोषों के रहते चैत्र में मीन के सूर्य में किया जाय तो फिर दुबारा संस्कार की आवश्यकता नहीं रहती।

छुरिका बंधन—यज्ञोपवीत के मास तिथि आदि हों चैत्र मास और मंगलवार को छोड़कर गुरु शुक्र के अस्तकाल को छोड़कर यज्ञोपवीत में कहे हुए मास तिथि नक्षत्र या लग्न आदि में विवाह के पहले क्षत्रियों को कमर में छुरी का बांधना श्रेष्ठ है।

सप्तशलाका वेध—जन्म नक्षत्र से व्रतबंध आदि नक्षत्र का वेध देखना जिस नक्षत्र से वेध हो तो उस नक्षत्र को अशुभ समझना।



यहाँ नक्षत्रों में पंचांग से देखकर उनमें ग्रह स्थापित करना फिर देखना जन्म नक्षत्र के सामने कौन नक्षत्र है जिससे वेध होता है। जैसे नक्षत्र मृग है। उसका वेध उषा से है यदि उषा में कार्य करना है तो वह विद्ध नक्षत्र हुआ। उसे त्याग देना। यदि वेध वाले नक्षत्र में पाप ग्रह है तो और भी बुरा है।

युति दोष—जिस नक्षत्र में ग्रह स्थित हो उसे युति कहते हैं। जन्म राशि में विशेष कर जन्म नक्षत्र में जिस वर्ष या जिस मास में पाप ग्रह हो उसे युति दोष कहते हैं। इस युति दोष में विवाह आदि शुभ कार्य नहीं किये जाते। आवश्यकता में पादवेध वर्जित है। युति कूर्माचल में विशेष प्रसिद्ध है कहा है जब जन्म राशि में सूर्य मंगल शनि राहु स्थित हों तो यदि कन्या का विवाह किया जाय तो वह विधवा हो जाती है।

वर्षमास शुद्धि—जब गुरु ४-८-१२ स्थान में हो तो वह वर्ष की अशुद्धि कूर्माचल में वर्ष अपैट कहलाती है। यदि सूर्य ४-८-१२ स्थान में हो तो मास अशुद्धि कूर्माचल में मासअपैट कहलाती है।

अग्नि होत्र मुहूर्त—रोह०, रेव०, विशा०, पुष्य, ज्ये०, अश्व०, मृग०, कृति०, तीनों उत्तरा नक्षत्रों में ब्राह्मणों को अग्नि होत्र शुभ है।

अन्य विचार—उत्तरायण सूर्य में अग्निहोत्र शुभ है। रोह०, रेव०, विशा०, पुष्य, ज्ये०, मृग०, कृति०, तीनों उत्तरा नक्षत्रों में अग्निहोत्र शुभ है। रिक्ता तिथि न हो ४, १०, ११, १२ लग्न वर्जित है। सूर्य, चंद्र, मंगल, गुरु, शुक्र नीच अस्त या शत्रु गृही न हों। चंद्रमा लग्न में न हो। चंद्रमा ३-६-११ में हो। सूर्य की दृष्टि चंद्र पर हो मंगल दूसरा हो। गुरु लग्न में या धन राशि का हो या सातवें दशवें हों। अष्टम घर में कोई ग्रह न हो।

होम में अग्नि वास का विचार—दुर्गा का होम, विवाह आदि मंगल कार्य, वास्तु व विष्णु प्रतिष्ठा, वैश्वदेव व नैमित्तिक कार्य के हवन में आहुति व अग्निवास का विचार आवश्यक नहीं होता।

व्रतादि में सूतक विचार—व्रत, यज्ञ, विवाह, श्राद्ध, होम, पूजन और जप आदि के प्रारंभ हो जाने पर यदि सूतक की प्राप्ति हो तो वह सूतक व्रत आदि के समाप्त होने तक नहीं लगता। इन कामों को पूरा कर लेना चाहिये। प्रारंभ का नियम यह है कि—

यज्ञादि कार्य में वरण हो जाना, व्रत पूजन व जप आदि में संकल्प हो जाना, विवाह आदि कार्य में नांदी मुख श्राद्ध हो जाना तथा श्राद्ध में श्राद्ध निमित्त रसोई प्रारंभ हो जाना ही प्रारंभ समझा जाता है।

विवाह

विवाह में वर कन्या का चुनाव

नीचे बताये योगों में विवाह शुभ है—

(१) वर के चंद्र लग्न से सप्तम स्थान में जो राशि हो वही राशि यदि कन्या का जन्म लग्न हो तो विवाह बहुत शुभ है।

(२) वर की सप्तम राशि यदि कन्या की राशि हो तो विवाह शुभ है।

(३) वर के सप्तमेश का नीच स्थान यदि कन्या की राशि हो तो भी ठीक है।

(४) यदि कन्या की राशि वर के सप्तमेश का उच्च स्थान हो तो अच्छा है।

(५) वर का सप्तमेश जिस राशि में हो यदि वही कन्या की राशि भी हो तो उत्तम है।

(६) वर का लग्नेश जिस राशि में हो वही राशि कन्या की भी हो तो शुभ है।

(७) वर का शुक्र जिस राशि में हो वही राशि कन्या की हो तो अच्छा है।

(८) वर की चंद्र राशि से सप्तम स्थान पर जिन-जिन ग्रहों की दृष्टि हो वे ग्रह जिन-जिन राशियों में हों उन राशियों में से किसी राशि में यदि कन्या का जन्म हो तो भी विवाह शुभ है।

उपरोक्त नियमों का विचार कन्या की कुण्डली से भी करना।

उपरोक्त नियम में एक भी लागू हो तो शुभ है। एक से अधिक लागू हो तो और भी उत्तम है।

(९) वर का स्पष्ट सप्तमेश + लग्नेश = योग से जो राशि और नवांश का बोध हो यदि कन्या का जन्म उसी राशि का हो तो विवाह शुभ है परस्पर प्रीत हो।

कलत्र राशि

(१) वर का सप्तमेश जिस नवांश में हो उसके स्वामी की राशियाँ कलत्र राशि हैं।

(२) सप्तमेश जिस राशि में उच्च होता है वह भी कलत्र राशि होती है।

(३) सप्तम भाव का नवांश भी कलत्र राशि होती है।

स्त्री की जन्म राशि वर के उपरोक्त कई कलत्र राशियों में से किसी एक में होना या उनकी त्रिकल की जो राशि हो उनमें से स्त्री की जन्म राशि होना। यदि ऐसा न हो तो संतान होने में बाधा पड़ती है। सप्तमेश जिस राशि में हो या उसके त्रिकोण राशियों में से किसी में स्त्री की जन्म राशि हो तो शुभ है।

विवाह का कारण

ब्रह्मचर्य अवस्था के उपरांत गृहस्थ धर्म में प्रवेश के निमित्त विवाह होता है। गृहस्थ धर्म के बाद वानप्रस्थ आश्रम और पश्चात् संन्यास है। गृहस्थ आश्रम में प्रवेश से धर्म अर्थ काम की प्राप्ति होती है। पुत्र द्वारा पितृ ऋण से छूटकर उत्तम लोक की प्राप्ति होती है। उत्तम स्वभाव, आचरण वाली और धर्मशील कन्या से विवाह होने से धर्म अर्थ और काम की प्राप्ति होती है। इसलिये शास्त्रोक्त रीति से शुभ समय विचार कर शुभ मुहूर्त में विवाह करना चाहिये। जैसा शुभाशुभ विवाह काल होता है वैसे ही शुभाशुभ स्वभाव आचार धर्म और संतान होती है। इसलिये विवाह का कुंडली से ठीक मिलान कर शुभ शुहूर्त में विवाह करना चाहिये और कुंडली की अच्छे प्रकार से जाँच कर लेनी चाहिये।

प्रश्न लग्न से विवाह योग—प्रश्न कालिक लग्न से १०, ११, ३, ५, ७ स्थान में कहीं चंद्र गुरु से दृष्ट हो तो शीघ्र विवाह हो।

(२) या २, ७, ४ राशियों में से कोई प्रश्न कालिक लग्न हो और शुभ ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो तो विवाह शुभ कारक होता है।

(३) प्रश्न लग्न में यदि विषम राशि में या विषम राशि के नवांश में चंद्रमा व शुक्र ये दोनों बली होकर लग्न को देखते हों तो कन्या को वर का लाभ हो।

(४) यदि सम राशियों में या सम राशि के नवांश में स्थित शुक्र या चद्र बली होकर लग्न को देखते हों तो वर को स्त्री का लाभ हो।

प्रश्नकाल में शकुन—प्रश्नकाल में अचानक शंख आदि वाजे का शब्द सुन पड़े तो वर कन्या का मंगल होता है। यदि कुत्ता, गदहा, कौआ, या स्यार का शब्द सुन पड़े तो अमंगल होता है।

प्रश्न से कुलटा योग—प्रश्न कालिक लग्न से पंचम स्थान में पाप ग्रह हो और शत्रु से दृष्ट हो और नीच स्थान में स्थित हो तो कन्या कुलटा या मृत वत्सा हो।

वैधव्य योग (प्रश्न से)—प्रश्न कालिक लग्न से ६-८ घर में यदि चंद्र हो तो कन्या ८ वर्ष में विधवा हो।

(२) प्रश्न लग्न में क्रूर ग्रह हों और सप्तम में मंगल हो तो उपरोक्त फल हो।

(३) प्रश्न लग्न में चंद्र हो सप्तम में मंगल हो तो उपरोक्त फल हो।

कुल्टा—प्रश्न कालिक लग्न से पंचम में पाप ग्रह हो और नीच का हो और अपने शत्रु से दृष्ट हो तो कन्या कुल्टा या मृतवत्सा हो।

वैधव्य योग—लग्न या चंद्र से ७ या ८ स्थान में पाप ग्रह हो तो विधवा हो।

जब मंगल के घर में या ७, ८, १२ स्थान में राहु हो हो तो विधवा हो।

सप्तम में प्रवल पाप ग्रह हो तो विवाह के बाद ७ वर्ष में विधवा हो।

६-८ घर में चंद्र हो तो ८ वर्ष में विधवा हो।

अष्टमेश सप्तम में सप्तमेश अष्टम में हो पाप ग्रह से दृष्ट हो या लग्न या चंद्र से ७-८ घर में पाप ग्रह हो तो विवाह बाद शीघ्र विधवा हो।

षष्टेश और अष्टमेश ६ या १२ घर में पाप युक्त हों तो उपरोक्त फल हो।

सप्तमेश और अष्टमेश ६ या १२ घर में पाप युक्त हों तो वही फल हो।

जन्म लग्न से अष्टम में पाप ग्रह नीच शत्रु क्षेत्री या पाप राशि में हो तो पति की मृत्यु का कष्ट हो।

पति के जन्म नक्षत्र से पहले स्त्री का जन्म नक्षत्र हो तो पति का नाश हो।

अष्टम में क्रूर ग्रह हो तो कन्या विधवा हो।

६, ७, ८ या १२ घर के स्वामी पाप पीड़ित हों तो विधवा हो।

अष्टमेश षष्ठम में पाप नवांश में हो और पाप दृष्टि हो तो नवोढ़ा अवस्था में विधवा हो।

अष्टम में मंगल कुल्टा बनाता है। अष्टम शनि पति को रोगी बनाता है।

अष्टम में गुरु शुक्र हो तो गर्भ नष्ट या मृतवत्सा हो।

सप्तम में राहु हो तो दुःखित हो कुल दूषित करे।

विधवा दोष की शांति—कन्या के बाल विधवा योग की शांति के लिए सावित्री व्रत या पीपल वृक्ष का व्रत कराना। अच्छे लग्न में विष्णु प्रतिमा से या पीपल वृक्ष से या घट के साथ कन्या का विवाह करा देने से उस कन्या का किसी चिरञ्जीवी वर के साथ विवाह करा देवे। इसमें पुनर्भूदोष नहीं होता।

स्त्रीनाश योग—जन्म लग्न कन्या में सूर्य हो सप्तम में मीन का शनि हो तो स्त्री का नाश करता है।

शुक्र से ४-८ घर में क्रूर ग्रह हो तो उसकी स्त्री जल कर मरे।

यदि शुक्र पाप ग्रहों के बीच हो तो स्त्री गिर कर मरे।

शुक्र पर शुभ ग्रहों की दृष्टि न हो या शुभ ग्रह युक्त न हो तो स्त्री फाँसी लगा कर मरे या उसकी स्त्री को इस प्रकार का कष्ट हो।

षष्ठ में मंगल सप्तम राहु अष्टम शनि हो तो स्त्री की मृत्यु हो।

सप्तम में राहु २ पाप ग्रहों से दृष्ट हो तो उसका विवाह ही नहीं होगा विवाह हुआ तो स्त्री मर जायगी।

२-७ स्थानों में पाप ग्रह तो तो स्त्री वियोग का दुःख हो यदि यह योग स्त्री को भी हो तो उसका पति पुत्र धन से युक्त होगा पर स्त्री मरेगी।

सप्तम शुक्र हो या शुक्र पाप ग्रहों के बीच हो या शुक्र से १२, ७, ८ घर में मंगल आदि पाप ग्रह हो तो स्त्री की मृत्यु हो।

वर कन्या विनाश योग—वर कन्या दोनों के १-१२-४-१० घर में पाप ग्रह हो तो स्त्री पति का, पति स्त्री का नाश करता है।

चन्द्र से सप्तम में कोई पाप ग्रह नहीं हो लग्न से सप्तम में कोई ग्रह नहीं होना यदि विवाह लग्न में एक भी पाप ग्रह हो तो दोनों में से एक का नाश हो।

शुक्र २ पाप ग्रहों के बीच या पाप युक्त हो या शुक्र से ४, ७, ८ घर में पाप ग्रह हो तो स्त्री का नाश हो।

विष कन्या योग—(१) रविवार २ तिथि शत० नक्षत्र। मंगलवार ७ तिथि श्लै० नक्षत्र। शनि ७ तिथि श्लै० कृति० नक्षत्र या रविवार २ ति० श्लेषा, मंगलवार १२ ति० शत०, शनि ७ ति० कृति० इन तिथि वार नक्षत्रों के संयोग में जो कन्या उत्पन्न हो वह विष कन्या होती है। या रविवार १२ ति० विशा०, मंगल ७ शत०, शनिवार २ ति० श्लै० हो तो भी विष कन्या हो।

(२) जन्म समय २-७-१२ स्थानों में शनि, मंगल रविवार और शत० कृति० श्लै० नक्षत्र हो तो विष कन्या होती है।

(३) दो शुभ ग्रह लग्न में हों वे अपने शत्रु के घर में हों और वहां एक पाप ग्रह हो तो विष कन्या होती है।

(४) जन्म लग्न में शनि, पंचम सूर्य, नवम मंगल हो तो विष कन्या हो।

(५) दो शुभ ग्रह लग्न में, एक पाप ग्रह दशम, २ पाप ग्रह छठें हों।

इन योगों में उत्पन्न कन्या विषकन्या होती है। जिससे वह निःसंतान या बाल विधवा होती है। ऐसी कन्या को सावित्री व्रत करना चाहिये। पीपल आदि से विवाह कराके दीर्घायु वर के साथ विवाह करें।

परिहार—लग्न या चन्द्र से सप्तमेश शुभ ग्रह हो तो विषकन्या योग का भय नहीं रहता और वैधव्य या अनपत्यता का कोई भय नहीं रहेगा।

विवाह के पहिले—सूर्य—पति। चन्द्र—स्त्री। मंगल—धन। बुध—पुत्र। गुरु—सुख। शुक्र—धर्म। शनि—घर। इनका विचार करना चाहिये। अष्टम स्थान से—वैधव्य। जन्म लग्न से—शरीर। सप्तम—पति का सौभाग्य। पंचम घर से—संतान का विचार करना चाहिये।

जातक में स्त्री पुरुष दोनों का फल समान है। परन्तु स्त्री की कुंडली में सप्तम—सौभाग्य। चन्द्र—शरीर। लग्न से—आकृति का विचार करना। शुक्र—सास। चंद्र—मन।

पूर्वोक्त ग्रहों के विचार से उन स्थानों से दुःख सुख आदि जानना चाहिये। यदि ग्रह अपने उच्चादि में हो तो सुख। नीच अस्त आदि में—दुःख। यदि पूर्वोक्त स्थानों पर भावेश या शुभ ग्रह बैठा हो या शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो शुभ फल होता है। अन्यथा अशुभ फल होता है।

सास ससुर का ज्ञान—शुक्र—सास। सूर्य—ससुर। लग्न—देह। सप्तमेश—पति। चंद्र—मन। विवाह काल में इन सब ग्रहों के फल विचारना। विवाह काल में शुक्र बली—कन्या को सास का सुख। सूर्य बली—ससुर से सुख। लग्न बली—कन्या को शरीर सुख। सप्तमेश बली—पति का सुख। चंद्र बली—कन्या के मन को सुख हो।

कन्या दोष—जिस कन्या का माथा बहुत चौड़ा हो, जो कुबड़ी हो, रोगी, लज्जा हीन, झूठ बोलने वाली, अंगहीन, बहुत मोटी, झगड़ालू अंधी बहरी हो ऐसे १० दोष वाली कन्या को वर्जित करें।

कन्या गुण—शरीर का वर्ण निर्मल हो, बोलने में जिसका स्वर सुखद हो, शहत के समान पीले नेत्र हों, कोई अंग टेढ़ा न हो, नाम सुनने में अच्छा हो, बाल कड़े न हों, दाँत बड़े न हों, अंग कोमल हो, रूपवती हो, शरीर में कोई व्यंग न हो ऐसी कन्या वरण योग्य है।

वर दोष—जो वर अंधा, लूला, रोगी, कर्महीन, नपुंसक, कोढ़ी, पतित, दूर देश रहने वाला, मूर्ख, दरिद्री, आजीविका रहित, जो योग मार्ग में लगा हो उसे कन्या नहीं देना। अवस्था से तिगुने वर्ष की अवस्था वाले को और सनकी या पागल को कन्या नहीं देना।

वर गुण—कुल शील, शरीर, विद्या, उचित अवस्था, धन वाला, अच्छा आचरण, अहिंसक, विद्या में प्रीति ऐसे गुणवान को कन्या देना।

मंगली विचार

१-४-७, ८, १२ स्थानों में मंगल हो तो मंगली योग होता है। जिसके लग्न में व १२, ४, ७, ८ स्थान में मंगल हो तो पति नाश, पति के हो तो स्त्री नाश करें। इस प्रकार मंगल हो तो विवाह न करें या गुण बहुत मिलें तब करें या उसी तरह दोनों के हों तो करे वर का मंगल हो तो वधू का और कन्या का हो तो वर का नाश करता है। यह लग्न से या चंद्र से भी विचारना। दो या अधिक पाप ग्रह युक्त मंगल सप्तम या अष्टम हो तो कन्या बाल विधवा हो। तात्पर्य यह है कि ७, ८ स्थान में पाप ग्रह नहीं होना। इसी प्रकार २, ५, ४ घर में भी पाप ग्रह नहीं होना।

मंगल १२ वां पड़ा तो सप्तम को (पति या स्त्री के घर को) देखता है। यदि लग्न में हो तो ७, ८ घर दोनों को देखता है। ४ घर में हो तो सप्तम को देखता है। सप्तम हो तो १ और २ घर को देखता है। ८ में हो तो (उस स्थान से पति की मृत्यु का विचार होता है।) वहाँ से दूसरे घर को देखता है। इत्यादि कारणों से उक्त स्थानों में बैठे ग्रह का पूरा विचार करना। अष्टम घर में पाप ग्रह नहीं होना और न वहाँ पाप ग्रह की दृष्टि हो।

परन्तु सप्तम में उच्च का मंगल हो या उच्च का गुरु हो तो कन्या रूपवती होगी। मंगल गुरु उच्च के या बलवान होकर स्वगृही हों तो वह स्त्री सब प्रकार से सम्पन्न होती है। बलवान शुभ ग्रह चतुर्थ में हो तो सुखी करते हैं।

जिस स्थान में मंगल के पड़ने से मांगलिक होती है वहां मंगल पूर्ण बली हो या पाप ग्रहों के साथ पड़ा हो या पाप दृष्ट हो या पाप राशि में या क्रूर नवांश में हो तो उस कुंडली का या दूसरी कुंडली में जवाब बराबर का होना चाहिये अन्यथा जिस समय शुभ ग्रह से योग करेगा अशुभ फल कर देगा।

यदि मंगल अस्तंगत, शुद्ध या शुभ ग्रहों से पूर्ण दृष्ट हो और लग्नेश सप्तमेश एवं चंद्र पूर्ण बली हो तथा उक्त अपवाद प्राप्त होंगे तो विवाह करने में कोई हानि नहीं।

जिस प्रकार मंगल का विचार किया जाता है। ठीक उसी प्रकार शनि राहु आदि पाप ग्रहों का भी विचार करना। वर को कुंडली में शुक्र पाप ग्रह के साथ हो तो कन्या अशुभ है।

मंगल का दोष परिहार

जिसके जन्म लग्न से १, ५, ७, ८, १२ स्थान में शनि हो तो मंगल दोष नहीं मानना।

१२, १, ४, ७, ८ स्थानों में शनि मंगल राहु केतु सूर्य इनमें से कोई परस्पर एक दूसरे की कुंडली में पड़े तो मंगली का दोष नहीं मानना।

कुंडली में १२, १ ४, ७ स्थानों में शनि हो तो मंगली दोष कमजोर पड़ जाता है। इसी प्रकार लग्न में मेष का मंगल, धनु का व्यय में, वृश्चिक का चौथे, मकर का सप्तम, या कर्क का मंगल अष्टम हो तो विशेष दोष नहीं होता।

बलवान गुरु शुक्र लग्न से सप्तम में या वक्री मंगल नीच का, शत्रु क्षेत्री या अस्त हो तो दोष नहीं।

राशि में मैत्री हो दोनों का एक गण हो, गुण अधिक मिलते हों तो मंगल का दोष नहीं होता।

इसी तरह मंगल चन्द्रमा के साथ हो या केन्द्र में हो तब भी मंगल का दोष नहीं होता।

अन्य मत से मंगल यदि पाप ग्रहों के कारण कन्या के ग्रह कड़े हों तो वर को दीर्घायु होना। कन्या की जन्म कुंडली में सप्तम में विशेष कर अष्टम में पाप ग्रह नहीं होना या द्वितीय में शुभ ग्रह होना।

एक को मंगल हो तो दूसरे को शनि या राहु अवश्य होना। यदि कन्या की कुंडली में ३ ग्रह पूज्य है तो वर की कुंडली में भी ३ ही चाहिये। फिर चाहे वर के ४ ही ग्रह हों पर वधू के कम न हों और वर का योग प्रबल चाहिये। कन्या का मंगल प्रबल पड़ा हो तो वर के शनि राहु से काम नहीं चलेगा। प्रबल मंगल ही होना।

१, ४, ७, ८, १२ घर में यदि कन्या को पूर्ण बलवान मंगल पड़ा हो तो वर को बुरा फल उत्पन्न करेगा। वर को पड़ा हो तो कन्या के लिये खराब है।

मंगल बलवान हो या क्रूर नक्षत्र पर हो या पाप ग्रह से युक्त या दृष्ट हो तो अशुभ फल अवश्य करेगा।

यदि २७ गुणों से अधिक मिलें और दोनों का एक सा मंगल हो तो कोई चिन्ता नहीं।

यदि एक को प्रबल मंगल है और दूसरे को भी वैसा ही हो तो बराबर मिलान हुआ समझना अन्यथा उचित मिलान नहीं हुआ समझना।

अन्य मत है कि एक को मंगली योग हो तो दूसरे को प्रबल शनि योग कारक हो तो काम चल जायगा।

अन्य मत है कि सप्तमेश जहाँ हो वहाँ से १, ४, ७, ८, १२वें स्थान का मंगल हो तो अनिष्ट कारक होने का भय है।

अन्य मत है कि गुण अधिक मिल जाय तो मंगल का भय नहीं।

मंगल नीच का, शत्रु क्षेत्री, अस्तगत एवं वक्री हो और बलवान शुभ ग्रह की पूर्ण दृष्टि हो तो मंगल का कोई विशेष भय नहीं।

लग्न से, चंद्र से, सप्तमेश से मंगल का विचार करते हैं। आशय यह है कि जितने भी पाप ग्रह हों उनकी स्थिति पर विचार का बलाबल तौल कर देखना और यह भी देखना कि मंगल या उसके जोड़ी का दूसरा पाप ग्रह किस स्थान में है। वैसा ही जब दूसरे की कुंडली में मिले तो बराबर मिली कहना।

गुण मिलान

विवाह में गुण मिलान के लिए विशेष विचार—जिसकी जन्म राशि न ज्ञात हो उसके चालू नाम से विचारना। वर कन्या में यदि एक की जन्म राशि ज्ञात हो दूसरे की न ज्ञात हो तो दोनों के चालू नाम से विचारना चाहिये यदि दोनों का जन्म नाम ज्ञात हो तो उससे ही गुण मिलान करना श्रेष्ठ है अन्यथा दम्पति को हानि कारक होगा।

गुण—(१) वर्ण का गुण १, (२) वश्य का २, (३) तारा के ३, (४) योनि के ४, (५) मैत्री के ५, (६) गण मैत्री के ६, (७) भकूट के ७, (८) नाड़ी के ८ गुण होते हैं। सब मिलाकर ३६ गुण होते हैं।

गुण मिलान—१६ गुण मिले तो निंदनीय, २० गुण मध्यम, ३६ गुण श्रेष्ठ है। प्राय: १८ गुणों से अधिक गुण शुभ माने जाते हैं। यह नियम भकूट मिलान पर है यदि भकूट (षड़ाष्टक) न मिलता हो तो २० गुण तक अधम, २५ गुण तक मध्यम, पश्चात् ३६ गुण तक श्रेष्ठ है।

वर्ण का १ गुण

		वर			
	वर्ण	ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र
कन्या	ब्राह्मण	१	०	०	०
	क्षत्रिय	१	१	०	०
	वैश्य	१	१	१	०
	शूद्र	१	१	१	१

वश्य के २ गुण

		वर			
वश्य	चतुष्पद	मानव	जलचर	वनचर	कीट
चतु०	२	१	१	०	१
मानव	१	२	१	०	१
जलचर	१	१	२	१	१
वनचर	०	०	१	२	०
कीट	१	१	१	०	२

अन्य मंत

		वर				
		चतु	नर	जल	वन	कीट
कन्या	चतु	२	॥	१	०	२
	नर	॥	२	०	०	१
	जल	१	०	२	२	२
	वन	०	०	२	२	०
	कीट	१	०	१	०	२

तारा के ३ गुण

					वर					
	तारा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	तारा
	१	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
	२	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
	३	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
	४	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
कन्या	५	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
	६	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
	७	१॥	१॥	०	१॥	०	१॥	०	१॥	१॥
	८	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३
	९	३	३	१॥	३	१॥	३	१॥	३	३

योनि के ४ गुण

							वर								
	योनि	अश्व	गज	मेष	सर्प	श्वान	मार्जार	मूषक	गौ	महिष	व्याघ्र	मृग	वानर	नकुल	सिं
	अश्व	४	२	३	२	२	३	३	३	०	१	३	२	२	१
	गज	२	४	३	२	२	३	३	३	३	२	३	२	२	०
	मेष	३	३	४	२	२	३	२	३	३	१	३	०	३	१
	सर्प	२	२	२	४	२	१	१	१	२	२	२	२	१	०
	श्वान	२	२	२	२	४	१	१	२	२	१	०	२	२	१
	मार्जार	३	३	३	१	१	४	०	२	२	१	२	२	२	२
कन्या	मूषक	३	३	२	१	१	०	४	२	२	२	२	२	२	१
	गौ	३	३	३	१	२	२	२	४	३	०	३	२	२	१
	महिष	०	३	३	२	२	२	२	३	४	१	२	२	२	३
	व्याघ्र	१	२	१	२	१	१	२	०	१	४	१	१	२	२
	मृग	३	३	३	२	०	२	२	३	२	१	४	२	२	२
	वानर	२	२	०	२	२	२	२	२	२	१	२	४	२	२
	नकुल	२	२	३	०	२	२	२	२	२	२	२	२	४	२
	सिंह	१	०	१	२	१	२	१	१	३	२	२	२	२	४

ग्रह मैत्री के ५ गुण

वर

ग्रह	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
सूर्य	५	५	५	४	५	०	०
चंद्र	५	५	४	१	४	॥	॥
मंगल	५	४	५	॥	५	३	॥
बुध	४	१	॥	५	॥	५	४
गुरु	५	४	५	॥	५	॥	३
शुक्र	०	॥	३	५	॥	५	५
शनि	०	॥	॥	४	३	५	५

गण मैत्री के ६ गुण

वर

गण	देव	मनुष्य	राक्षस
देव	६	५	१
मनुष्य	६		७
राक्षस	०		६

भकूट के गुण ७

वर

कन्या	राशि	मेष	वृष	मि०	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धन	मकर	कुंभ	मीन
	मेष	७	०	७	७	०	०	७	०	७	७	७	०
	वृष	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७
	मिथुन	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०	७
	कर्क	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०	०
	सिंह	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७	०
	कन्या	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०	७
	तुला	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०	०
	वृश्चिक	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७	०
	धन	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७	७
	मकर	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०	७
	कुम्भ	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७	०
	मीन	०	७	७	०	०	७	०	०	७	७	०	७

नाड़ी के ८ गुण

वार

वर	नाड़ी	आदि	मध्य	अन्त
	आदि	०	८	८
	मध्य	८	०	८
	अन्त	८	८	०

(१) वर्ण ज्ञान—वर कन्या का एक वर्ण हो तथा वर का वर्ण उत्तम हो तो १ गुण होता है।

वर्ण	ब्राह्मण	क्षत्रिय	वैश्य	शूद्र
राशि	४–८–१२	१–५–९	२–६–१०	३–७–११

वर से उच्च वर्ण वाली कन्या श्रेष्ठ नहीं है। समान वर्ण में या जब वर उत्तम वर्ण हो तो १ गुण मिलता है। जब वर हीन वर्ण हो तो शून्य गुण मिलता है। चारो वर्ण में पहले से दूसरा दूसरे से तीसरा, तीसरे से चौथा हीन वर्ण के हैं। वर की जन्म राशि से कन्या का वर्ण श्रेष्ठ हो तो वह कन्या अच्छी नहीं होती जैसे कन्या ब्राह्मण वर्ण हो वर क्षत्रिय वर्ण हो तो विवाह योग्य नहीं, कन्या ब्राह्मण वर्ण हो वर हीन वर्ण ही तो मृत्यु हो, यदि वर शूद्र वर्ण हो तो कन्या शीघ्र विधवा हो।

परिहार—राशि से जिसका वर्ण हीन हो और राशि स्वामी का वर्ण उत्तम हो तो विवाह शुभ है। राशि की चिन्ता न करें स्वामी को ग्रहण करे। और वर्ण न मिलता हो यदि राशि स्वामो की मित्रता हो तो हानि नहीं। विवाह शुभ समझना।

(२) वश्य कूट—चतुष्पद—मेष, वृष, सिंह, धन उत्तरार्द्ध मकर, पूर्वार्द्ध।

नर—मिथुन, कन्या, तुला, धन पूर्वार्द्ध, कुम्भ।

जलचर—कर्क, मकर उत्तरार्द्ध, कुम्भ, मीन।

वनचर—सिंह, कीट ४, सरीसृप ८।

सिंह राशि को छोड़कर अन्य सब राशियां मनुष्य राशि के वश में हैं। जल राशियाँ मनुष्य राशियों के भक्ष हैं। वृश्चिक राशि को छोड़कर अन्य सब राशियाँ सिंह के वश में हैं चतुष्पद या जलचर राशियों का परस्पर वश्यावश्य मनुष्यों के व्यवहार में जानना। नर (द्विपद या मनुष्य) को सर्प से भय है।

गुण—वश्य जो भक्ष हो आधा गुण। शत्रु वश्य हो तो एक गुण। मित्र वश्य हो सम वश्य हो तो २ गुण। दोनों का एक वश्य २ गुण मनुष्य + चतुष्पद। चतुष्पद + जलचर। चतुष्पद + कीट। नर + कीट। नर + जलचर। वनचर + जलचर। कीट + जलचर = सबका १ गुण। चतुष्पद + वनचर। नर + वनचर। कीट + वनचर इनके ० गुण।

अन्य मत—एक जाति—२ गुण। वश्य वैर—१ गुण। वश्य भक्ष्य—॥। शत्रु भक्ष—० गुण।

(३) तारागुण—तारा नाम (१) जन्म, (२) सम्पत, (३) विपत, (४) क्षेम, (५) प्रत्यरि, (६) साधक, (७) वध, (८) मैत्र (९) अतिमित्र कन्या के जन्म नक्षत्र से वर के जन्म नक्षत्र तक गिनकर और वर के जन्म नक्षत्र से कन्या के जन्म नक्षत्र तक गिन कर जो संख्या हो उनमें पृथक पृथक ९ का भाग देना यदि शेष ३, ५, ७ रहे तो वर कन्या को अशुभ कारक होते हैं।

दोनों का शुभ तारा—३ गुण। शुभ + अशुभ = १॥ गुण। अशुभ + अशुभ = ० गुण

(४) योनि कूट = अश्व०, शत० = घोड़ा योनि। स्वा० हस्त = भैंसा = दोनों की वैर योनि।

धनि० पूभा = सिंह । भर० रेवती = हाथी = वैर योनि दोनों की है ।
पुष्य, कृति = मेढ़ा । श्रव० पूषा = वानर ,, ,,
उषा० अभि = न्योला । मृग० रोह = सर्प ,, ,,
अनु० ज्ये० = हरिण । मूल आर्द्रा = कुत्ता ,, ,,
पुन० श्ले० = बिलाव । मघा पूफा = मूसा ,, ,,
चित्रा विशा = व्याघ्र । उफा० उभा = गौ ,, ,,

इस प्रकार महा वैर योनि = घोड़ा भैंसा । सिंह हाथी । मेष वानर । न्योला साँप । हरिण कुत्ता । बिलाव मूसा । व्याघ्र गौ को है गुण ० है ।

अति मैत्री गुण—एक योनि ४ गुण, मैत्री ३ गुण, एक स्वभाव २ गुण, वैर १ गुण महावैर योनि ० गुण ।

वर कन्या के विवाह में मैत्री, अति मैत्री ग्रहण करना, परस्पर महावैर वर्जित करना ।

(५) ग्रह मैत्री—राशि स्वामी एक=५ गुण । मित्र=५ गुण । मित्र + सम=४ गुण शत्रु + मित्र=१ गुण । सम + सम=३ गुण । शत्रु + शत्रु=० गुण सम + वैर=गुण ।

	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
मित्र	मं०गु०चं०	सू० बु०	चं० गु०	सू० शु०	सू०मं०चं०	बु० श०	बु० शु०
शत्रु	शु० श०	०	बु०	चं०	बु० शु०	चं० सू०	चं०सू०मं०
सम	बु०	मं०गु०शु०श०	शु० श०	गु०श०मं०	श०	मं० गु०	गु०

प्रयोजन यह है कि वर के जन्म राशि का स्वामी और कन्या के जन्म राशि का स्वामी दोनों परस्पर मित्र हों तो विवाह शुभ, शत्रु हो तो अशुभ । सम हों तो शुभ अशुभ कुछ नहीं । सम + मित्र = मध्यम । सम + सम = अधम शत्रु + शत्रु = मृत्युदायक । शत्रु + मित्र = कलह । सम + शत्रु = मृत्यु । परस्पर मित्र = अति शुभ ।

(६) गण मैत्री—एक सा गण = परम प्रीत = ६ गुण । देव = मनुष्य = मध्यम = ५ गुण । मनुष्य + राक्षस = ० गुण ।

पुरुष देव + स्त्री मनुष्य = ६ गुण, इसके विपरीत ५ गुण । समता = ६ गुण ।

पुरुष राक्षस + स्त्री देव = १ गुण अन्यथा ० गुण । मनुष्य + राक्षस = ० गुण । राक्षस + मनुष्य = मृत्यु । राक्षस + देव = वैर ।

देवगण—अनु०, मृग०, अश्व०, पुन०, पुष्य०, स्वा०, हस्त०, रेवती ।

मनुष्य गण—३ पूर्वा० रोह० ३ उत्तरा, आर्द्रा, भरणी ।

राक्षस गण—श्ले०, शत०, मूल, विशा०, कृति०, मघा, चित्रा, ज्ये०, धनिष्ठा ।

(७) षट्कूट राशि १ २ ३ ४ ५ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२
षड़ाष्टक षष्ठ ६ ७ ८ ९ १० ११ १२ १ २ ३ ४ ५
मैत्री शत्रु मित्र शत्रु मित्र शत्रु मित्र शत्रु मित्र शत्रु मित्र शत्रु मित्र
अष्टम ८ ९ १० ११ १२ १ २ ३ ४ ५ ६ ७
मैत्री मित्र शत्रु मित्र शत्रु मित्र शत्रु मित्र शत्रु मित्र शत्रु मित्र शत्रु

वर कन्या की जन्म राशि से दूसरा ६-८ पड़े तो षड़ाष्टक होता है ।

फल = मृत्यु । ५-९ पंचम नवम = सन्तान हीन । १-२ द्विर्द्वादश = निर्धनता । इन स्थानों को छोड़कर अन्य शुभ है । एक राशि = बड़ी प्रीति । ४-१० = सुख । ३-११ = धन प्राप्ति । सम सप्तम = अच्छी सन्तान । इसमें विशेषतः षड़ाष्टक ही वर्जित है । इसमें मित्र षड़ाष्टक ग्रहण करने योग्य है । शत्रु षड़ाष्टक वर्जित है ।

जैसे मकर का स्वामी शनि और मिथुन का स्वामी बुध मित्र है यह मित्र षड़ाष्टक हुआ परन्तु ५ का स्वामी सूर्य ये शनि का शत्रु है इस कारण १०-५ शत्रु षड़ाष्टक हुआ । अच्छे कूट में ७ गुण मिलते हैं । एक चरण होने पर ० गुण ।

मृत्यु षड़ाष्टक—६-१।२-९।३-८।११-४।१०-५।७-१२ = परस्पर मृत्यु षड़ाष्टक
वृद्धि षड़ाष्टक—१-८।१०-३।६-११।७-२।५-१२।९-४ = ,, वृद्धि ,,
नवम पंचम—जब एक की राशि से दूसरा ९ और दूसरे से पहला पंचम हो ।
द्विर्द्वादश—एक की राशि से दूसरा १२वाँ और दूसरे से पहला दूसरा हो ।

परिहार—पूर्वोक्त षड़ाष्टक आदि दुष्ट भकूट रहते भी कन्या और वर का जन्म राशीश एक हो तो विवाह शुभ है । या दोनों की मित्रता हो तब भी शुभ है । यदि वर कन्या की नाड़ी शुद्ध हो अर्थात् नाड़ी में भिन्नता हो या वर कन्या के जन्म राशियों के नवांश स्वामी परस्पर मित्र या बली हों तो विवाह शुभ है । या पूर्वोक्त दोषों के रहते नाड़ी शुद्ध हो और तारा शुद्ध हो तो भी विवाह शुभ है ।

तारा शुद्धि—कन्या की जन्म राशि को लेकर वर के जन्म नक्षत्र तक गिनने में जो संख्या हो इसी प्रकार वर के जन्म नक्षत्र से लेकर कन्या के जन्म नक्षत्र तक गिनने से संख्या में पृथक पृथक ९ का याग देने पर २, ४, ६, ८, ० ये शेष रहें तो तारा शुद्ध है ।

या पूर्वोक्त सब दोषों के रहते तारा दोष के भी रहते यदि नाड़ी शुद्ध हो और वश्य कूट में कही हुई रीति से कन्या के जन्म राशि के वश में वर राशि न हो तो विवाह शुद्ध होता है परन्तु नाड़ी के शुद्ध नहीं रहते विवाह शुभ नहीं अर्थात् कन्या जन्म राशि से वर की जन्म राशि व वर जन्म राशि से कन्या जन्म राशि ११, ३, १०, ४, ७वाँ हो तो कन्या जन्म राशीश ब वर जन्म राशीश इन दोनों में शत्रुता का नाश कर देते हैं । और कन्या राशीश व वर राशीश दोनों में मित्रता होने से पूर्वोक्त षड़ाष्टक आदि दुष्ट भकूट नाश हो जाता है । यदि दोनों की जन्म राशि एक हो और नक्षत्र भिन्न हो या जन्म नक्षत्र एक हो राशि भिन्न हो तो नाड़ी दोष गण दोष तारा दोष नहीं होता ।

(८) नाड़ी—नाड़ी पृथक होने से ८ गुण । एक नाड़ी = ० गुण । ८ भकूट में सबसे प्रधान नाड़ी है ।

आदि	१	६	७	१२	१३	१८	१९	२४	२५
नाड़ी	अश्व०	आर्द्रा	पुन०	उफा०	हस्त	ज्ये०	मूल०	शत०	पूभा०
मध्य	२	५	८	११	१४	१७	२०	२३	२६
नाड़ी	भर०	मृग०	पुष्य	पूफा०	चित्रा	अनु०	पूषा०	धनि०	उभा०
अन्त	३	४	९	१०	१५	१६	२१	२२	२७
नाड़ी	कृति०	रोह०	श्ले०	मघा	स्वा०	विशा०	उषा०	श्रव०	रेवती

नाड़ी दोष विचार—ब्राह्मणों को नाड़ी दोष, क्षत्रियों को वर्ण दोष, वैश्य को गण दोष, शूद्र को योनि दोष वर्जित है

आदि नाड़ी पति को मारती है। मध्य—कन्या को। अन्य मत से दोनों को अशुभ मृत्यु प्रद है। अन्त—दोनों को मारती है। इससे नाड़ी वेध वर्जित है। दोनों की एक नाड़ी होने से विवाह वर्जित है। यदि दोनों की एक राशि हो और नक्षत्र भिन्न हो या दोनों का एक नक्षत्र हो पर राशि भिन्न हो। या दोनों का एक नक्षत्र हो और चरण भिन्न हो तो नाड़ी दोष नहीं रहता विवाह शुभ होता है। आदि अंत की नाड़ी गोदावरी के दक्षिण तथा क्षत्रियों और वैश्य को अशुभ नहीं है।

अन्य मत से नाड़ी दोष विचार

२८ नक्षत्र में से जन्म नक्षत्र के अनुसार ३ श्रेणियों में विभक्त किये गये हैं।

द्विपाद के नक्षत्र—मृग०, चित्रा, धनिष्ठा।

त्रिपाद ,, —कृति०, पुन०, उफा०, विशा०, उषा०, अभिजित, पूभा०।

चतुष्पाद—अश्व०, भर०, रोह०, आर्द्रा, पुष्य, श्ले०, मघा, पूफा०, हस्त०, स्वा० अनु०, ज्ये०, मूल०, पूषा०, श्रव०, उभा०, रेवती।

कन्या का नक्षत्र चतुष्पाद हो तो अश्वनी से आदि, मध्य, अंत के हिसाब से गणना करे। यदि कन्या का नक्षत्र द्विपाद हो तो ५ अंगुलियों और त्रिपाद हो तो ४ अंगुलियों से कनिष्ठिका, अनामिका, मध्यमा, तर्जनी तक क्रम से फिर उत्क्रम से गिनती करना अभिजित सहित ४ अंगुलियों पर गिनना। यदि दोनों का एक ही अंगुली पर आवे तो नाड़ी दोष लगेगा अन्यथा नहीं।

यदि द्विपाद जन्म नक्षत्र हो तो मृग० से कनिष्ठिका, अनामिका, मध्यमा, तर्जनी एवं अंगुष्ठ तक ५ अंगुलियों पर गणना करे। यदि एक ही अंगुली पर दोनों के आवे तो दोष लगेगा। जैसा आगे चित्र देकर समझाया है।

अन्य मत है कि—यदि अनेक परिहार लग जावे और रोह०, आर्द्रा, मृग०, ज्ये०, पुष्य, श्रव०, रेव० और उभा० में नाड़ी दोष नहीं है नाड़ी मिली समझना

त्रिपाद चतु: पर्व गणना

कनिष्ठा	अनामिका	मध्या	तर्जनी
कृत०	रोह०	मृग०	आर्द्रा ↓
मघा	श्ले०	पुष्य	पुन० ↓
पूफा०	उफा०	हस्त	चित्रा ↓
ज्ये०	अनु०	विशा०	स्वा० ↓
मूल०	पूषा०	उषा०	अभि० ↓
पूभा०	शत०	धनि०	श्रव० ↓
उभा०	रेव०	अश्व०	भर०।

द्विपाद पंच पर्व गणना

कनि०	अना०	मध्या	तर्ज०	अंगुष्ठ
मृग०	आर्द्रा	पुन०	पुष्य	श्ले० ↓
हस्त०	उफा०	पूफा०	मघा	० ↓
चित्रा	स्वा०	विशा०	अनु०	ज्ये० ↓
श्रव०	उषा०	पूषा०	मूल०	० ↓
धनि०	शत०	पूभा०	उभा०	रेव० ↓
रोह०	कृत०	भर०	अश्व०	० ↓

चतुष्पाद—अहिल्या देश में चतुर्नाड़ी, पंचाल में पंच नाड़ी और सर्वत्र त्रिनाड़ी वर्जित करना।

कनिष्ठा	अश्व०	आर्द्रा	पुन०	उफा०	हस्त०	ज्ये०	मूल०	शत०	पूभा०
अनामिका	भर०	मृग०	पुष्य	पूफा०	चित्रा	अनु०	पूषा०	धनि०	उभा०
मध्या	कृति०	रोह०	श्ले०	मघा०	स्वा०	विशा०	उषा०	श्रव०	रेवती

अन्य मत—कृति०, रोह०, पुन०, आर्द्रा, हस्त०, उफा०, स्वा०, विशा०, शत०, उषा०, श्रव०, इन नक्षत्रों में यदि एक हो राशि हो तो नाड़ी दोष नहीं लगता। मिश्र राशि होने में दोष है।

अन्य मत—गुरु शुक्र में से कोई एक, दोनों राशियों का स्वामी हो तो नाड़ी दोष नहीं होता।

नृदूर विचार—यह नारदोक्त है, ब्राह्मण में इसका भी विचार होता है। कन्या की राशि से वर राशि दूर होना शुभ है। उल्टा नृदूर अशुभ फल देता है। कन्या की जन्म राशि से १२, ११, १०, ९, ८ वीं वर राशि कन्या दूर शुभ अन्यथा वर दूर अशुभ। कन्या राशि से प्रथम ९ नवक नक्षत्र तक स्त्री दूर, अति निंदित, दूसरा नवक १० से १८ तक मध्यम, तीसरा नवक १९ से २७ तक उत्तम फल होता है।

कन्या के जन्म नक्षत्र से पति का नक्षत्र दूसरा हो तो पति नाशक है।

परिहार—(१) नक्षत्र मिश्र होकर राशि एक ही हो या नक्षत्र के चरण में भेद हो (२) ग्रह मैत्री और योनि मैत्री हो तो नृदूर का दोष नहीं होता। (३) दक्षिण में यह विचारणीय है अन्य देशों में नहीं।

कन्या के जन्म नक्षत्र से दूसरा शुभ नहीं होता परन्तु शत०, हस्त, स्वा०, अश्व०, कृति०, पूषा०, मृग०, और मघा हो तो दोष नहीं है।

अन्य प्रकार से वर्ग कूट

		वर्ग स्वामी	वैर
अ वर्ग	अ आ इ ई उ ऊ ऋ ॠ ऌ ॡ ए ऐ ओ औ	गरुड़	साँप
क वर्ग	क ख ग घ ङ	विलार	मूसा
च वर्ग	च छ ज झ ञ	सिंह	हरिण
ट वर्ग	ट ठ ड ढ ण	कुत्ता	भेड़
त वर्ग	त थ द ध न	साँप	गरुड़
प वर्ग	प फ ब भ म	मूसा	विलार
य वर्ग	य र ल व	हरिण	सिंह
श वर्ग	श ष स ह	भेड़	कुत्ता

अपने वर्ग से पाँचवां शत्रु चतुर्थ मित्र और तीसरा उदासीन (न शत्रु, न मित्र) होता है जिसमें अल्प प्रीत होती है। कन्या के नाम का पहला अक्षर जिस वर्ग में हो उससे वर के नाम का पहला अक्षर जिस वर्ग में हो वह देखना। पाँचवां न हो तो विवाह शुभ होता है। यदि पाँचवां हो तो विवाह अशुभ होगा। कन्या के नाम के अक्षर एक ही वर्ग में हो तो विवाह होने पर परस्पर प्रीति होती है।

स्वामी भृत्य के विषय में या नगर ग्राम वास में भी वर्ग मिलता है।

द्विर्द्वादश—वर से कन्या की राशि दूसरी हो = धन नाश। बारहवीं कन्या हो तो कन्या धनवती हो। स्त्री के जन्म नक्षत्र से पति का जन्म नक्षत्र दूसरा हो तो पति नाश स्वामी का पहला और सेवक का दूसरा नक्षत्र हो तो सेवा नाश ऋण दाता का पहला ऋणी का दूसरा नक्षत्र हो तो धन नाश नगर का पहला और नगर वासी का दूसरा नक्षत्र हो तो ग्राम सुख नाश।

नवम पंचम—वर से कन्या पाँचवीं = संतान हानि। कन्या नवमी = धनवती कन्या।

सम सप्तक—१०–४। ११–५। ८–२ राशियों के सम सप्तक में वैर होता है। विषम सप्तक अशुभ नहीं होता जैसे—१–७। ३–९। ५–११।

दशम चतुर्थ—इसी प्रकार २–५। १–४। ३–१२। ८–११ राशियों में दशम चतुर्थ अशुभ है।

परिहार—इन सब का परिहार मकूट षड़ाष्टक में वर्णन है। वर्ण मकूट, वश्य, तारा, योनि का परिहार ग्रह मैत्री से होता है अर्थात् ग्रह मैत्री हो तो उपरोक्त दोष कट जाते हैं। ग्रह मैत्री हो या राशि के नवांश स्वामियों में मित्रता हो तो गणदोष भी नहीं रहता। द्विर्द्वादश नव पंचम भी ग्रह मैत्री होने से विवाह शुभ हो जाता है।

नवांश विचार

	अंश	३-२०	६-४०	१०-०	१३-२०	१६-४०	२०-०	२३-२०	२६-४०	३०-०
	१-५-९	१	२	३	४	५	६	७	८	९
राशि	२-६-१०	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६
	३-७-११	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३
	४-८-१२	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२

उदाहरण—सिंह राशि १३°–२०′ = ४°–१३°–२०′ सिंह के १३°–२०′ अंश के नीचे ४ है। ४ का स्वामी चंद्र है। नवांश स्वामी चंद्र हुआ।

शतपद चक्र गुण मिलान को

राशि	नक्षत्र	अक्षर चरण १, २, ३, ४	वर्ण	वश्य	योनि	गण	नाड़ी	राशि स्वामी
मेष	अश्व०	चू चे चो ला	क्षत्रिय	चतुष्पद	अश्व	देव	आदि	मङ्गल
	भरणी	ली लू ले लो	क्षत्रिय	चतुष्पद	गज	मनुषप	मध्य	मङ्गल
	कृति०	आ ० ० ०	क्षत्रिय	चतुष्पद	मेष	राक्षस	अंत	मङ्गल

राशि	नक्षत्र	अक्षर चरण	वर्ण	वश्य	योनि	गण	नाड़ी	राशि
वृष	कृति०	० ई उ ए	वैश्य	चतुष्पद	मेष	राक्षस	अंत	शुक्र
	रोह०	ओ वा बी बू	वैश्य	चतुष्पद	सर्प	मनुष्य	अंत	शुक्र
	मृग०	वे वो ० ०	वैश्य	चतुष्पद	सर्प	देव	मध्य	शुक्र
मिथुन	मृग०	० ० का की	शूद्र	मानव	सर्प	देव	मध्य	बुध
	आर्द्रा	कु घ ङ छ	शूद्र	मानव	श्वान	मनुष्य	आदि	बुध
	पुन०	के को ह ०	शूद्र	मानव	माजरि	देव	आदि	बुध
कर्क	पुन०	० ० ० ही	ब्राह्मण	जलचर	माजरि	देव	आदि	चंद्र
	पुष्य	हू हे हो डा	ब्राह्मण	जलचर	मेष	देव	मध्य	चंद्र
	श्ले०	डी डू डे डो	ब्राह्मण	जलचर	माजरि	राक्षस	अंत	चंद्र
सिंह	मघा	मा मी मू मे	क्षत्रिय	वनचर	भूषक	राक्षस	अंत	सूर्य
	पूफा०	मो टा टी टू	क्षत्रिय	वनचर	भूषक	मनुष्य	मध्य	सूर्य
	उफा०	टे ० ० ०	क्षत्रिय	वनचर	गौ	मनुष्य	आदि	सूर्य
कन्या	उफा०	० टो पा पी	वैश्य	मानव	गौ	मनुष्य	आदि	बुध
	हस्त	पू ष ण ठ	वैश्य	मानव	महिष	देव	आदि	बुध
	चित्रा	पे पो ० ०	वैश्य	मानव	व्याघ्र	राक्षस	मध्य	बुध
तुला	चित्रा	० ० रा री	शूद्र	मानव	व्याघ्र	राक्षस	मध्य	शुक्र
	स्वा०	रु रे रो ता	शूद्र	मानव	महिष	देव	अंत	शुक्र
	विशा०	ती तू ते ०	शूद्र	मानव	व्याघ्र	राक्षस	अंत	शुक्र
वृश्चिक	विशा०	० ० ० तो	ब्राह्मण	कीट	व्याघ्र	राक्षस	अंत	मङ्गल
	अनु०	ना नी नू ने	ब्राह्मण	कीट	मृग	देव	मध्य	मङ्गल
	ज्ये०	नो य यी यू	ब्राह्मण	कीट	मृग	राक्षस	आदि	मङ्गल
धन	मूल	ये यो भा भी	क्षत्रिय	मानव	श्वान	राक्षस	आदि	गुरु
	पूषा	भू धा फा ढ	क्षत्रिय	१ मानव	वानर	मनुष्य	मध्य	गुरु
				३ चतुष्पद				
	उषा	भे ० ० ०	क्षत्रिय	चतुष्पद	नकुल	मनुष्य	अंत	शनि
मकर	उषा	० भो जा जी	वैश्य	चतुष्पद	नकुल	मनुष्य	अंत	शनि
	श्रव०	खी खू खे खो	वैश्य	१॥चतुष्पद	वानर	देव	अंत	शनि
				२॥ जलचर				
	धनि०	गा गी ० ०	वैश्य	२ जलचर	सिंह	राक्षस	मध्य	शनि
कुंभ	धनि०	० ० गू गे	शूद्र	२ मानव	सिंह	राक्षस	मध्य	शनि
	शत०	गो सा सी सू	शूद्र	मानव	अश्व	राक्षस	मध्य	शनि
	पूभा०	से सो दा ०	शूद्र	मानव	सिंह	मनुष्य	आदि	शनि
मीन	पूभा०	० ० ० दी	ब्राह्मण	जलचर	सिंह	मनुष्य	आदि	गुरु
	उभा०	दु थ झ ञ	ब्राह्मण	जलचर	गौ	मनुष्य	मध्य	गुरु
	रेवती	दे दो चा ची	ब्राह्मण	जलचर	गज	देव	अंत	गुरु

वर कन्या के गुण मिलान की सारिणी

			वर															
			मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या	
		वर	अश्व.	भर.	कृ.	कृ.	रो.	मृ.	मृ.	आ.	पुन.	पुन.	पु.	श्ले.	म.	पूफा.	उफा.	उफा.	ह.	चि.
		कन्या	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२
मेष		अश्व.	२८	३३	२८॥	१८॥	२१॥	२२॥	२६	१७	१९	२३॥	३१॥	२८	२१॥	२६	१५॥	११	९	१३
			४	३	०		४	४	४		३	३	३		५+	५+	३५	३६	२३६	६
		भर.	३४	२८	२९	१९	२२॥	१४॥	१८	२६	२७	३०॥	२३॥	२५॥	२०॥	१८॥	२६॥	२१॥	२०	५
			४		३	०१	०४१	४	३४	३			३	१	१५	३५	५+	६	६	१३६
		कृ.	२७॥	२९	२८	२०	१०	१८॥	२२	२०	२३	२५॥	२७॥	२३॥	१६	१९॥	२०॥	१५॥	१६॥	१८
			१		१	३	३४	१३४	४		१			३	३५	१५	१५	१६	६	६
कन्या		कृ.	१८॥	२०	१९	२८	२१	२६॥	१७॥	१७॥	१८॥	२२	२४	२०	१८	२१॥	२२॥	२१	२१	२३॥
			३	४	१४	१८	३	१३		४+	१४	४+			३	३	१	१	१५	५+	५+
		रो.	२३॥	२३॥	११	२०	२८	३६	२७	२३॥	२३॥	२७	२७	१३	१२	२६	२७॥	२५	२६	२०
	वृष		४	−४	४	३४१	३१	३	०	०४	४+	४+			३१	३१		५+	५+	−१५
		मृ.	२३॥	१४॥	१८॥	२७॥	३४	२८	१९	२४	२३	२७	२०	२२	२०	१६	२५	२३॥	२६	१३
			२	−४	३४	−४			३	३४	०४	४+		३		३		५+	५+	३५
		मृ.	२७	१८	२२	२९॥	२७	२०	२८	३३	३१॥	१९।	१२॥	१५॥	२३॥	१९॥	२७॥	३०॥	३४	२१
			२		३		+४	४+	३४	३	०		−४	३४	४		३			३
	मिथुन	आ.	१९	२७	२१	१८॥	२४॥	२६	३४	२८	२५	१३	२०॥	१३॥	२२॥	२८॥	२१॥	२४॥	२४॥	२७
			४	३		१	१४+	४+	४+		३	३०	०३४	४−	१४	१		३	३	६
		पुन.	२०	२६	२३	२०॥	२२॥	२४॥	३२॥	२४	२८	१६	२३	१७॥	२२॥	२६॥	२०॥	२३॥	२४॥	२६॥
			३	३			४+	४+	४+		३	३	−३४	५०	−४	+२	२+	३	३	३

वर

	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
वर	अश्व.	भर.	कृ.	कृ.	रो.	मृ.	मृ.	आ.	पुन.	पुन.	पु.	श्ले.	म.	पूफा.	उफा.	उफा.	ह.	चि.
कन्या	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२
कर्क पुन. १	२२॥ ३	२९॥	२४॥	२३	२५	२६	१९ ४	११ ३४	१४॥ ३४	२८ ३	३५ ०	२८॥	१६॥ +२४	२०॥ २४	१४॥ ३४	१७॥ ३	१८॥ ३	२०॥
पु. ४	३०॥	२१॥ ३	२६॥	२४	२५	१८ ३	११॥ ३४	१८॥ ४	२१॥ ४	३५	२८ ३	३० ०	१८॥ ४+	१४॥ ३४	२३॥ ४+	२६॥	२७॥	१२॥ ३
श्ले. ४	२६	२३॥ १	२२॥ ३	२० ३	१२ ३१	२१	१४॥ ४	१२॥ १४	१६ ४	२८॥	३०	२८ ३	१५ ०३४२	१५॥ १४२	१७॥ १२	१९॥ १	२०॥	२५॥
सिंह म. ४	२१ +५	२० १५	१७॥ ३५	१७॥ ३	११॥ ३१	१८॥	२२॥	२१॥ १	२१॥ −२	१७॥ +२४	१८॥ ४+	१७ ३४२	२८ ३	३० ०१	२६॥ १	१५॥ १४	१६॥ ४+	२१॥ ४
पूफा. ४	२६ ५+	१९ ३५	२० −१५	२१ १	२३॥	१५॥ ३	१९॥ ३	२७॥	२६॥ −२	२३॥ +२४	१८॥ ३४	१७॥ १२४	३० −१	२८ ३	३४ ०	२३ ०४	२१॥ ४+	७॥ १३४
उफा. १	१६॥ ३५	२६ ५+	२० −१५	२१ १	२५	२३॥	२७॥	२०॥ ३	२०॥ ३	१७॥ ३४	२६॥ +४	१९॥ १४	२६॥ −१	३४	२८ ३	१७ ३४	१६ ०३४	१३॥ १४२
कन्या उफा. ३	१३ ३६	२२॥ ६	१६॥ १६	२१ +१५	२५ ५+	२३॥ ५+	३०॥	२३॥ ३	२३॥ ३	१९॥ ३	२८॥	२१॥ १	१७॥ १४	२५ ४+	१९ ३४	२८ ३	२७ ३०	२४॥ १२+
ह. ४	११ २३६	२० ६	१७॥ ६	२२ ५+	२५ ५+	२६ ५+	३३	२२॥ ३	२३ ३	१९॥ ३	२८॥	२२॥	१७ +४	२१॥ ४+	१६ ३४	२६ ३	२८ ३	२८ ०
चि. २	१४ ६	६ १३६	१९ ६	२३॥ ५+	२० १५	१३ ३५	२० ३	२६ १	२५॥	२१॥	१३॥ ३	२६॥	२२॥ +४	८॥ १३४	१४॥ १२४	२४॥ १२	२८	२८ ३

कन्या

		वर																	
		तुला			वृश्चिक				धन		मकर				कुंभ		मीन		
	वर	चि.	स्वा.	वि.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पूषा.	उषा.	उषा.	श्र.	ध.	ध.	श.	पूभा.	पूभा.	उभा.	रे.
	कन्या	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४
मेष	अश्व.	२२॥	२६॥	२२॥	१९॥	२५॥	१५	१३	२६	२४॥	२६	२६	२०	२०	१५	१६	१८॥	२४॥	२६
	४		−२		−६	६−	३६	३५	+५	+५					३	३	३४	४+	४+
	भर.	१४॥	२९॥	२२॥	१९॥	१७॥	१९॥	२०	१९	२७	२८॥	२७	१०	१०	२०	२४	२२॥	१७॥	२८
	४	१३		१−	−१६	३६	−१६	−१५	३५	५+			१३२	१३२	−१	−२	२४+	३४	४+
	कृ.	२७॥	१६॥	१९॥	१५॥	२१॥	२६॥	२४॥	१८	१४	१५॥	१२॥	२५	२५	२७	१९	१७॥	१९॥	१२॥
	१		३	३	३६	६−	६−	५+	१२५	३१५	१३	२३				१	१४	१४	३४
वृष	कृ.	२२॥	११॥	१४॥	२१॥	२६॥	३१॥	२०	१३॥	९॥	१४	११	२३॥	२९॥	३१॥	२३॥	२०	२२	१३॥
	३	−६	३६	३६	३			६	१२६	१३६	१३५	३५२	+५			१	१	१	३
	रो.	१९	१५॥	९॥	१६॥	३०॥	२४॥	१४	२०	१२॥	१७	१८	२०	२६	२४॥	३०॥	२७	२६	१९
	४	−१६	३६	३१६	३१		१	१६	३	३६२	३५२	३५	−१५	−१	−१				३
	मृ.	११	२५	१७॥	२३॥	२२॥	२५॥	१५	११	१८	२२॥	२६	१३	१९	२७	२९॥	२६	१७	२७
	२	३६	−६	६−		३		६	३६	२६	२५+	५+	३५	३				३	
मिथुन	मृ.	१४	२७	२०॥	१५	१२	१५	२३	१९	२५	२०॥	२६	१२	१३	२२	२४॥	२६	१७	२७
	२	३५	+५	५+	६	३६	६		३	२+	−२६	−६	३६	३५	५+	५+		३	
	आर्द्रा	२०	२७	२०	१३॥	१८	४	१६	२८	२८	२३॥	२३॥	१८	१९	१२	१७	१९॥	२७	२७
	४	−१५	५+	+१५	१६	२६	१३६२	१३			−६	−६	−१६	१५+	१३५	३५	३		
	पुन.	१९॥	२७	२१	१४॥	२२॥	७	१४	२७	२७	२२॥	२३॥	१८॥	१९॥	१४	१७	१९॥	२७॥	२७
	३	५+	५+	५+	६	६	३६	३			−६	−६	−६	+५	३५	३५	३		

वर

		तुला			वृश्चिक			धन		मकर			कुंभ			मीन	
	वर	चि.	स्वा.	वि.	वि.	अनु.	ज्ये.	मू.	पूषा.	उषा.	उषा.	श्र.	ध.	ध.	श.	पूभा.	पूभा.	उभा.	रे.
	कन्या	२	४	३	१	४	४	४	४	१	३	४	२	२	४	३	१	४	४
कर्क	पुन.	१९॥	२७	२१॥	२०	२६	११॥	८॥	२१	२१॥	२५	२७	२२	१२॥	८॥	११॥	१७	२५	२४॥
	१				५+	५+	३५	३६	−६	−६				६	३६	३६	३५	५+	५+
	पु.	११॥	२६॥	२१॥	२०	१९	२२	१७॥	११	२२॥	२६	२५	१३	४॥	१४॥	१८॥	२४	१८	२७
